रेड राइडिंग हुड

सी. रोज़ा, हिंदी : विदूषक



रेड राइडिंग हुड

सी. रोज़ा, हिंदी : विदूषक

किसी ज़माने में एक बड़ी प्यारी लड़की रहती थी. उसे अपनी नानी के घर जाना बेहद पसंद था. एक दिन नानी ने उसे एक बड़ी खास भेंट दी.

नानी ने उसके लिए एक लाल रंग का ऊनी चोगा सिला जिसमें सिर ढंकने के लिए एक टोपी भी थी.

उसे वो ड्रेस बहुत पसंद आई.

वो अब जहाँ भी जाती उस लाल ड्रेस को पहनकर जाती.

उसे वो ड्रेस इतनी पसंद आई, कि वो सोते समय भी उसे नहीं उतारती थी. फिर लोगों ने उसे रेड राइडिंग हुड बुलाना शुरू कर दिया.



एक दिन रेड राइडिंग हुड की माँ ने उससे कहा, “देखो तुम्हारी नानी की तबियत कुछ ख़राब है.”

रेड राइडिंग हुड ने तुरंत नानी के पास जाने की अपनी इच्छा ज़ाहिर की.

“ठीक है, जंगल वाली पगडंडी पर ही चलना. इधर-उधर मत जाना,” माँ ने उसे समझाते हुए कहा.



रेड राइडिंग ने माँ से वैसा ही करने का वादा किया.

फिर रेड राइडिंग हुड जंगल की पगडंडी पर कूदती हुई गई.

उसने बहुत सावधानी बरती और पगडंडी से इधर-उधर बिल्कुल नहीं भटकी.

कुछ देर बाद उसकी मुलाक़ात एक भेड़िये से हुई.

"हेलो," भेड़िये ने कहा.

भेड़िये का रवैय्या काफी दोस्ताना था.

"हेलो," रेड राइडिंग ने कहा.

"छोटी लड़की, तुम कहाँ जा रही हो?" भेड़िये ने पूछा.

"मैं अपनी नानी से मिलने जा रही हूँ," रेड राइडिंग हुड ने कहा. "उनकी तबियत कुछ ख़राब है."

"तुम्हारी नानी कहाँ रहती हैं?" भेड़िये ने पूछा.

"वो इस पगडंडी के अंत में एक छोटे घर में रहती हैं,"

भेड़िया नानी ने घर रेड राइडिंग हुड से पहले पहुंचना चाहता था.

"मैं उस बूढ़ी औरत और इस छोटी लड़की को निगल जाऊंगा," भेड़िये ने सोचा. "उन्हें खाने में कितना मज़ा आएगा!"

"देखो यहाँ जंगल में कितने खूबसूरत फूल खिले हैं," भेड़िये ने कहा. "तुम कुछ सुन्दर फूल तोड़कर अपनी नानी के लिए क्यों नहीं ले जातीं?"

"बढ़िया विचार है!" रेड राइडिंग हुड ने कहा.

जब रेड राइडिंग हुड फूल तोड़ने के लिए रुकी तब भेड़िया वहां से चम्पत हो गया.



भेड़िया चुपके से से नानी के घर में घुसा.

वो पंजों के बल चलकर नानी के कमरे में घुसा.

पर अचानक नानी की आँख खुल गई.

जब नानी ने भेड़िये को देखा तो वो ज़ोर से चिल्लाईं.

“बचाओ! बचाओ!”

तब भेड़िये ने नानी को उठाकर एक
लकड़ी की अल्मारी में बंद कर दिया.



फिर भेड़िये ने नानी के कपड़े और टोपी पहनी. उसके बाद भेड़िया चादर ओढ़कर नानी के बिस्तर में लेट गया. अब सिर्फ उसकी बालों वाली ठोड़ी ही दिखाई दे रही थी.

कुछ देर बाद रेड राइडिंग हुड ने नानी के घर का दरवाज़ा खटखटाया.

“नानी!” उसने ज़ोर से पुकारा.

“अन्दर आ जाओ बेटा!” भेड़िये ने ऊंची आवाज़ में कहा.

रेड राइडिंग हुड नानी के सोने वाले कमरे में गई.

आज उसे नानी बड़ी अजीब सी लगीं.

"नानी, तुम्हारे कान इतने लम्बे क्यों हैं?" उसने पूछा.

"जिससे मैं तुम्हारी बातें अच्छी तरह सुन सकूं," भेड़िये ने कहा.

"नानी, तुम्हारी आँखें इतनी बड़ी क्यों हैं?" रेड राइडिंग हुड ने पूछा.

"जिससे मैं तुम्हें अच्छी तरह से देख सकूं," भेड़िये ने कहा.

"नानी, तुम्हारे हाथ इतने बड़े क्यों हैं?" रेड राइडिंग हुड ने पूछा.

"जिससे मैं तुम्हें अच्छी तरह से गले लगा सकूं," भेड़िये ने कहा.

"नानी, तुम्हारे दांत इतने बड़े क्यों हैं?"
छोटी रेड राइडिंग हुड ने पूछा.

"जिससे मैं तुम्हें अच्छी तरह से खा सकूं,"
भेड़िये ने कहा.

उसके बाद दुष्ट भेड़िया पलंग से कूदा.
वो छोटी रेड राइडिंग हुड को पकड़ने के लिए लपका.
पर छोटी लड़की तुरंत छलांग लगाकर बच निकली.

फिर भेड़िया खिड़की में से निकलकर भाग गया. उसके बाद भेड़िये को किसी ने कभी नहीं देखा.

छोटी रेड राइडिंग हुड की नानी ने अल्मारी का दरवाज़ा खटखटाया. छोटी रेड राइडिंग हुड ने अल्मारी का दरवाज़ा खोला.

“क्या हुआ?” नानी ने पूछा.



आज आते समय मैं जंगल की पगडंडी से आपके लिए कुछ फूल तोड़ने के लिए उतरी थी," छोटी रेड राइडिंग हुड ने कहा.

"चलो मुझे ख़ुशी है कि तुमने आज एक अच्छा सबक सीखा," नानी ने कहा. उसके बाद नानी ने छोटी रेड राइडिंग हुड को अच्छा खाना खिलाया.

अंत